NNI
हर खबर पर पक्की नजर
पत्रकारिता हमारा धर्म
निष्पक्षता हमारी पहचान
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
# न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
सत्यता व निष्पक्षता का छठवां वर्ष
www.nnindianews.com
वर्ष: 05, अंक-158, पृष्ठ: 12 गुरुवार, 06 अगस्त, 2026, मूल्य-03 रुपये मात्र

## सड़क हादसे में मारा गया अतीक का सबसे छोटा बेटा



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के झांसी में हुए भीषण सड़क हादसे में माफिया अतीक अहमद के सबसे छोटे बेटे आबान अहमद की मौत हो गई। आबान अपने साथियों के साथ झांसी जेल में बंद बड़े भाई अली अहमद से मिलने जा रहा था, लेकिन रास्ते में उनकी कार हादसे का शिकार हो गई। इस इससे पहले 2023 में भी अतीक का एक बेटा झांसी में ही मारा गया था। वहीं, अतीक और उसके भाई की हत्या प्रयागराज में हुई थी। आइये जानते हैं कभी खौफ का पर्याय रहा अतीक का कुनबा कैसे मिट्टी में मिलता चला गया। अतीक अहमद के सबसे छोटे बेटे आबान अहमद की 6 अगस्त 2026 को झांसी-कानपुर हाईवे पर सड़क हादसे में मौत हो गई। वह झांसी जेल में बंद अपने बड़े भाई अली से मिलने प्रयागराज से झांसी आ रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सुबह करीब 10:30 बजे तेज रफ्तार क्रेटा कार झांसी-कानपुर हाईवे पर प्रयागराज से झांसी की ओर आ रही थी। पूछ थाना क्षेत्र के खिल्ली गांव के पास अचानक एक जानवर सड़क पर आ गया। उसे बचाने के प्रयास में कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई।

### प्रतापगढ़ में बारिश के दौरान ढहा 100 साल पुराना घर

# एक ही झटके में खत्म हो गया पूरा परिवार, छह लोगों की मौत



**प्रतापगढ़।** प्रतापगढ़ के चिलबिला कोतवाली के महुली मंडी इलाके में बड़ा हादसा हो गया। बुधवार की देर रात करीब ढाई तीन बजे एक जर्जर मकान धराशायी हो जाने से उसमें दबकर एक ही परिवार के छह लोगों की जान चली गई। यह मकान 100 साल पुराना बताया जा रहा है। पुलिस और प्रशासन राहत और बचाव कार्य में जुट गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी मामले का संज्ञान लेते हुए हर संभव मदद की घोषणा की है। जिन लोगों की मलबे में दबकर जान गई है, उसमें महादेव (2) पुत्र अमन श्रीवास्तव, रीता श्रीवास्तव (42) पत्नी प्रमोद श्रीवास्तव, प्रमोद श्रीवास्तव (45) पुत्र कामता प्रसाद श्रीवास्तव, माधुरी (24) पत्नी अमन श्रीवास्तव, बाबू (छह माह) पुत्र अमन श्रीवास्तव शामिल हैं। मलबे में कुल सात लोग दबे थे। जिसमें छह की मौत हो गई है। हादसे में मकान मालिक 60 वर्षीय प्रमोद श्रीवास्तव, उनकी पत्नी 55 वर्षीय रीता श्रीवास्तव, पुत्र 25 वर्षीय नितिन, छोटी बहू 23 वर्षीय माधुरी तथा माधुरी के दो मासूम बेटे दो वर्षीय माधव और चार माह के अद्विक की जान चली गई। हादसे के बाद इलाके में चीख-पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस और स्थानीय लोगों ने करीब दो घंटे तक राहत एवं बचाव अभियान चलाकर मलबे में दबे लोगों को बाहर निकाला। सभी को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां अमन को छोड़कर चिकित्सकों ने छह लोगों को मृत घोषित कर दिया।



### 100 पुराना था मकान

शहर के महुली वार्ड के रहने वाले प्रमोद श्रीवास्तव पुत्र कामता प्रसाद श्रीवास्तव बुधवार की रात भोजन करने के बाद परिवार के साथ एक ही कमरे में सो रहे थे। रात में बारिश हो रही थी। करीब दो बजे के आसपास मकान की छत भरभराकर गिर पड़ी। सभी मलबे में दब गए। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम व स्थानीय लोगों ने मलबे से प्रमोद श्रीवास्तव (45), पत्नी रीता श्रीवास्तव (42) नितिन (24 ) पुत्र प्रमोद श्रीवास्तव , बहू माधुरी( 24)पत्नी अमन श्रीवास्तव, पोते माधव (2) और बाबू (6 माह) बाहर निकाला। आनंद फानन में सभी मेडिकल कॉलेज ले गए। यहां चिकित्सकों ने सभी को मृत घोषित कर दिया। पुलिस और प्रशासन की टीम घटना की जांच कर रही है। सीओ सिटी आशुतोष मिश्रा ने बताया कि छह लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। हादसे में परिवार का एक सदस्य सुरक्षित बचा है। पटना की जांच की जा रही है।

### रात दो बजे हुआ हादसा

जानकारी के अनुसार महुली गांव निवासी प्रमोद श्रीवास्तव का मकान काफी पुराना और जर्जर हालत में था। गुरुवार तड़के करीब दो बजे अचानक मकान भरभराकर गिर गया। घटना के समय परिवार के लोग घर के अंदर सो रहे थे। मकान गिरने की तेज आवाज सुनकर आसपास के लोग जाग गए और मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने तुरंत पुलिस और प्रशासन को सूचना दी। थोड़ी ही देर में पुलिस टीम, फायर ब्रिगेड और राहत-बचाव दल मौके पर पहुंच गया। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से मलबे में दबे लोगों को निकाला और अस्पताल पहुंचाया।

## नेपाल में बिगड़े हालात के बाद यूपी से सटी सीमा पर सिक्योरिटी टाइट



**लखनऊ।** नेपाल के कई जिलों में फैली सांप्रदायिक हिंसा के बाद खराब हुए माहौल के बाद भारत-नेपाल सीमा और उससे सटे जिलों में चौकसी बढ़ा दी गई है। सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) और यूपी पुलिस द्वारा सीमा पर हो रही गतिविधियों की जानकारी केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों को दी जा रही है। वहीं, पुलिस मुख्यालय के निर्देश के बाद सीमा से सटे पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, बहराइच, श्रावस्ती, महाराजगंज, बलरामपुर व सिद्धार्थनगर में पुलिस ने सतर्कता बढ़ा दी है। नेपाल के सुनसरी जिले के देवानगंज क्षेत्र में पिछली 26 जुलाई को एक धार्मिक जुलूस को लेकर दो संप्रदायों में हिंसा भड़क गई थी। लाउडस्पीकर और धार्मिक झंडे को लेकर शुरू हुई हिंसा की चपेट में सिरहा, धनुषा,पर्सा और सप्तरी सहित कई जिल आए हैं। भारत-नेपाल सीमा पर पिछले काफी समय से अवैध रूप से कई धार्मिक स्थलों का निर्माण किया गया था। राज्य सरकार के निर्देश के बाद सीमावर्ती जिलों के प्रशासन ने अपने-अपने जिलों में पिछले कुछ वर्षों में बनाए गए धार्मिक स्थलों व मदरसों की जांच की थी। इस जांच में दर्जनों धार्मिक स्थल व मदरसे अवैध पाए गए थे। इन्हें अभियान चलाकर ढहाया गया था।

ट्रेडमार्क रजिस्ट्रेशन
ट्रेडमार्क, ब्रॉण्डनेम, फर्मनेम, डिजायन एवं कॉपीराइट रजिस्ट्रेशन कराने व डुप्लीकेसी रोकने के लिए
ताज ट्रेडमार्क
E-mail: info@tajtrademark.in
www.tajtrademark.in
Toll Free No. 1800 270 5440
ESTD.: 1970
पी.के. अरोरा
संस्थापक
आनन्द वृन्दावन, संजय प्लेस, आगरा
फोन- 0562-4007024, 2971024, 2855024, 2854341, 08057500024
167, सेक्टर 15 ए, नोएडा। फोन: 0120-4110024